महत्वपूर्ण एवं खास

चलती ट्रेन को पब्लिसिटी का जरिया बनाने वालों के उधड़ेंगे विज्ञापन

रायगढ़। रेलगाड़ियों को सामानों की पब्लिसिटी का जरिया बनाने वालों को छूट देने के मामले में रेलवे की हमेशा सुर्खियों में रहा है। ऐसे विज्ञापनों पर रोक लगाने रेलवे बोर्ड ने मसौदा तैयार कर लिया है। अब उसी का विज्ञापन ट्रेनों में नजर आएगा जो सामान और यात्रियों को सेवाएं दे सकता है। शीर्ष अफसरों ने काफी विचार-विमर्श के बाद इसका तोड़ निकाला और मसौदे को मंजूरी दी है। साल 2019 रेल में सफर करने वाले यात्रियों के लिए काफी कुछ बदलाव लेकर आ रहा है। चाहे वह महानगरों में लोकल ट्रेनों के नए अवतार की बात हो या फिर टिकट में रियायत। इसी कड़ी में रेलवे की एक और नई योजना जिसमें यात्रियों को ट्रेन के भीतर जिस भी कंपनी का विज्ञापन टंगा दिखेगा उसी से सेवाएं मिलेगी। लंबे अंतराल बाद चलती ट्रेन में सेवाओं के बदले विज्ञापन की छूट देने की नीति को रेलवे ने अपनाया है। यानी नई योजना के तहत ट्रेन के टॉयलेट में उसी कंपनी का साबुन होगा जिसका विज्ञापन होगा। इसके अलावा अन्य खाने-पीने की चीजें भी उपलब्ध रहेंगी। यात्रियों के सफर को सुगम बनाने रेलवे बोर्ड ने इसे मंजूरी दी है।

नए पुलिस कप्तान के आदेश का होने लगा परिपालन

रायगढ़। नए पुलिस कप्तान राजेश अग्रवाल द्वारा चार्ज लेने के साथ ही कई तरह के कार्यो को अमलीजामा पहनाने के लिए शुरुआत से ही जोर दिये है। जिसके बाद प्रथम विभागीय बैठक में मातहत अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए लम्बित प्रकरण से लेकर कम्युनिटी पुलिस के साथ साथ थाने में जब्त कबाड़ व शराब को नष्टीकरण के लिए जरूरी कार्यो को किये जाने की बात कही थी। इस आदेश के दूसरे से ही कोतवाली पुलिस ने थाने में जब्त कबाड़ को थाना परिसर से हटाये जाने के लिये कानूनी कार्रवाई करने लगी है। जिसमें कोतवाली पुलिस साल के अंतिम दिन सोमवार को लगभग 2 टन कबाड़ को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया जहां पुलिस द्वारा कबाड़ के मालिकों का ज्ञात नही होने पर नीलामी की प्रक्रिया के लिए प्रतिवेदन दिए जाने की मांग की गई है।बताया जा रहा है कि न्यायालय द्वारा आगामी आदेश में सम्भवतः नीलामी प्रक्रिया पर भेज सकती है।

मजदूर को जबरदस्ती ईंट भट्टा ले जाते दो आरोपित गिरफ्तार

रायगढ़। डरा धमकार जबरन इट भट्टे में काम करने ले जा रहे दो व्यक्तियों को सारंगढ़ पुलिस ने अपने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। ग्राम गोपालपुर थाना बरमकेला में रहने वाला रामलाल सिदार उर्फ लेकरू पिता गजपति सिदार उम्र 32 वर्ष मजदूरी का काम करता है । पूर्व में रामलाल सिदार अपनी पत्नि और ग्राम टाड़ीपार के पुनाऊ सतनामी तथा ग्राम सहसपाली के शौकीलाल चौहान के साथ उत्तर प्रदेश ईट बनाने गया था। वहां इनसे लगभग 1 महीना काम कराया गया और काम के एवज में केवल खाना खर्चा के लिये रूपये दिया। परंतु कोई मेहताना नहीं दिय जिससे ये गए लोग वापस भागकर आ गए।

आज से महंगी हो जाएगी जमीन की रजिस्ट्री, एक फीसदी चुकाने होंगे दाम

नए साल से बदल जाएगा नियम, शासन के फैसले से प्रापर्टी बाजार में मंदी के आसार

रायगढ़। शहरी क्षेत्र के मकान या प्लॉट की रजिस्ट्री आज से महंगी हो जाएगी। नए साल से जमीन की रजिस्ट्री कराने वालों को एक फीसदी ज्यादा शुल्क देना पड़ेगा। शासन के इस फैसले से लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। साथ ही पहले से ही मंदी के दौर से गुजर रहे प्रापर्टी बाजार में और भी मंदी की आशंका है।

शहरी क्षेत्र में भू-खंडों की कीमतें लगातार बढ़ रही है। जिला मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट में सबसे ज्यादा कीमत श्याम टॉकीज रोड से सत्तीगुड़ी चौक के भू-खंडों की है। इसके अलावा रामनिवास टॉकीज रोड, सुभाष चौक तिराहा, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के आसपास की जमीनों की कीमत आसमान छू रहे हैं। सुभाष चौक से श्याम टॉकीज रोड में एक वर्ग मीटर भू-खंड की कीमत 80 हजार रुपए है। भौगोलिक दृष्टि से ये एरिया कारोबार की दृष्टि से बहुत मायने रखते हैं। इसलिए प्रापर्टी डीलरों की नजर इन जगहों की जमीन की खरीदी-बिक्री को लेकर टिकी रहती है। लेकिन जनवरी से इन जगहों के जमीनों की रजिस्ट्री शुल्क एक प्रतिशत बढ़ जाएगी। यानी 5 लाख रुपए के प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने में 5 हजार रुपए ज्यादा चुकाना पड़ेगा। जमीन की कीमतों का मूल्याकंन बाजार भाव के अनुसार किया गया है। इसलिए हर जगह का अलग-अलग रेट तैयार है। जिला पंजीयक के अफसरों के अनुसार रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि के पहले से ही राजस्व विभाग ने दे दिए थे। इसलिए रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ साल के आखिरी दिन उमड़ पड़ी। पंजीयन ऑफिस में प्रापर्टी डीलरों का आना-जाना होता रहा। इस संबंध में उपपंजीयक बसंत कुमार ने बताया कि शासन के नियमानुसार जमीन की रजिस्ट्री होगी। एक प्रतिशत की बढ़ोतरी की जानकारी मिली है।

देर रात तक निपटाते रहे फाइल

उप पंजीयक कार्यालय में साल के आखिरी दिन जमीन रजिस्ट्री से जुड़े फाइलों को कर्मचारी देर रात तक निपटाते रहे। क्योंकि कुछ ही घंटे बाद रजिस्ट्री शुल्क में एक फीसदी की बढ़ोतरी की कड़वी दवा का घूंट जो लोगों को पीना पड़ता। फिलहाल इस फैसले से लोगों की जेब तो कटेगी ही साथ ही रजिस्ट्री लक्ष्य की पूर्ति में भी विभाग का पसीना छूट सकता है। जमीन की खरीदी-बिक्री में महिलाओं को स्टांप शुल्क में छूट पर भी राजस्व विभाग की ओर से नए फैसले लिए जाने की बात कही जा रही है।

शराब पीकर स्कूल में हंगामा, शिक्षक सस्पेंड

रायगढ़। शराब पीकर स्कूल में बार-बार हो हंगामा मचाकर नौटंकी करने वाले शिक्षक को आखिरकार सस्पेंड करना पड़ा है। रायगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत छिरवानी के प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक हरीश एस भगत को पूर्व में भी नोटिस देकर सजग किया गया था लेकिन स्कूल में अनुपस्थित रहकर शिक्षा का माहौल खराब करने पर लापरवाह शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है।

संविलयन के बाद से जिले में शिक्षकों की शिकायतें बढ़ गई हैं। शिक्षाकर्मी से शिक्षक बनने के बाद स्कूलों में अनुशासन हीनता एवं शराबखोरी जैसी शिकायतें लगातार आ रही हैं। दो दिन पहले ही घरघोड़ा में सहायक कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे शिक्षक को सस्पेंड किया था और अब रायगढ़ के छिरवानी में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। रायगढ़ बीइओ अंतर्गत ग्राम छिरवानी प्राइमरी स्कूल में पदस्थ हरीश एस भगत जो कि शिक्षा संवर्ग से एलबी है। उसकी लगातार शिकायतें आ रही थी। स्कूल परिसर में ही शिक्षक द्वारा शराब के नशे में हंगामा मचाकर अपनी मर्यादा की सीमा लांघी थी। इससे पूर्व भी शिक्षक द्वारा शराब के नशे में स्कूल आने की शिकायतें भी मिली थी। सितंबर महीने में भी शिक्षक को नोटिस दिया गया था लेकिन अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक ने उसका भी जवाब नहीं दिया है।

नए साल के स्वागत में जमकर थिरके लोग

रायगढ़। नए साल का स्वागत लोगों ने धूमधाम से किया। 31 दिसंबर की रात सोमवार के समापन पर मंगलवार की शुरूआत के साथ नववर्ष का अभिनंदन किया। नए साल के स्वागत के लिए लोगों ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। शहर के होटलों के साथ कई पिकनिक स्पाट में पहुंच युवाओं ने पुराने साल की बिदाई और नए साल का स्वागत खुशनुमा माहौल में किया।

घरों में भी नए साल के स्वागत में जोरदात तैयारी की गई थी। लोगों ने केक काटे और गीत-संगीत के बीच एक दूसरे को नए साल की शुभाकानाएं दी। मंगलवार को भी शहर सहित आसपास क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट में धूम मचाने की तैयारी लोगों ने कर रखी है।

नए साल का स्वागत लोग कई तरह से करते हैं। आधुनिक दौर में व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे कई साधन होने के बाद भी ग्रीटिंग कार्ड के जरिये शुभकामना संदेश देने का रिवाज कायम है। इसकी तैयारी व्यापारियों ने पहले की कर रखी थी। शहर के ग्राटिंग कार्ड दुकान में युवा ही नहीं अन्य वर्ग के लोगों को भी कार्ड खरीदारी करते देखा गया।

दूसरी ओर आधी रात को नए साल का स्वागत केक काटकर किया गया। मंगलवार को शहर के गार्डन के साथ ही आपसास के पिकनिक स्पट में लोग अपने इष्टमित्र के साथ नए साल का जश्न मनाने पहुंचेंगे।

इसके मद्देनजर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाने पुलिस कप्तान के निर्देश पर जवानों को तैनात किया गया है।

साल भर में सीमांकन नहीं, 10 माह में चली जाएगी हमारी सरकार

रायगढ़। जिला पंचायत में आठ महीने बाद हुई सामान्य सभा की बैठक में पूर्व में शिकायत के बाद भी अवैध खनन का सीमांकन नहीं कराने पर जिपं अध्यक्ष खनिज विभाग पर बरस पड़े। दो साल से पेंडिंग इस शिकायत पर कार्रवाई के लिए जब माइनिंग इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया तो अध्यक्ष अजेश को भी कहना पड़ गया कि अब तो 10 माह बाद हम भी चले जाएंगे लेकिन आप लोग कब जागेंगे।

सोमवार को दोपहर जिपं में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक के बाद सामान्य सभा की बैठक शुरू हुई। अप्रैल महीने के बाद हो रही इस बैठक में पूर्व के प्रस्तावों पर चर्चा के अलावा धान खरीदी एवं सहकारी समितियों के संबंध में चर्चा होनी थी। बैठक शुरू हुई सदस्यों ने एक-एक कर पुराने विषयों पर संबंधित अफसरों से जवाब मांगा।

गांव के बेटे अमन ने स्केटिंग में जीता सिल्वर मेडल

नागपुर में आयोजित इंटरनेशल स्पीड स्केटिंग में मिली उपलब्धि

रायगढ़। जिले के पुसौर ब्लाक के ग्राम सुलोनी के अमन पटेल ने नागपुर में आयोजित सेकंड इंटरनेशनल स्पीड स्केटिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

देश-विदेश से आए सैकड़ों खिलाडियों को पछाड़ते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। वे जिला दुग्ध विक्रेता संघ के अध्यक्ष जगदीश पटेल के सुपुत्र हैं। उनकी उपलब्धि पर शहर सहित गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prema 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कूलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480